## खबर संक्षेप

### बिछिया में आज से होगा विष्णु महायज्ञ और भागवत कथा

**ढीमरखेड़ा।** संत बनवारी दास महाराज के सानिध्य में बिछिया बरौदा में श्री विष्णु महायज्ञ और संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 1 मई से शुरू होने वाला धार्मिक अनुष्ठान 9 मई तक चलेगा। बनारस के पंडित रामस्नेही पाण्डेय यज्ञाचार्य होंगे और धौरेशर के पंडित दिनेश गर्ग के द्वारा भगवान की लीलाओं की कथा सुनाई जायेगी। आयोजनकर्ताओं ने धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने कहा है।

### कांजी हाऊस में मवेशियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था

**कटनी।** झिंझरी स्थित कांजी हाउस में मवेशियों की देखरेख करने वाले कर्मचारी के नदारत रहनें तथा गौशाला में भूसा एवं पानी की व्यवस्था नहीं होनें के मामले को त्वरित संज्ञान में लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह को गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देश पर कांजी हाउस का निरीक्षण के दौरान कांजी हाउस में 17 नग बैल एवं 1 नग गाय मिले, जिनके भोजन की व्यवस्था हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा एवं पीने हेतु पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था पाई गई।

### जिला निर्वाचन अधिकारी को किया अधिकृत

**कटनी।** लोकसभा आम निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के अवधि में शहरी पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं आवश्यकतानुसार नगरनिगम आयुक्त एवं नगर परिषद के प्रस्ताव अनुसार अनुमति जारी करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को अधिकृत किया जाकर पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। शहरी पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु तात्कालिक रूप से जिन कार्यो के प्रस्ताव अनुसार अनुमति जारी करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को अधिकृत किया गया है उनमें नवीन नलकूप खनन, नलकूपों मे हैंडपंप के स्थान पर सिंगल फेस मोटरपंप की स्थापना कार्य, पाईपलाइन विस्तार, नवीन विद्युत संयोजन, नवीन नलकूपों मे मोटरपंप की स्थापना तथा पेयजल परिवहन के कार्यो की स्वीकृति, निविदाओं के आमंत्रण तथाा कार्यो के क्रियान्वयन हेतु ठेकेदारों को कार्यादेश करनें एवं सामग्रियों के क्रय की आवश्यकता होने पर इन कार्यो का क्रियान्वयन आदि शामिल है।

### गेंहू उपार्जन की तिथि अब 20 मई तक

**कटनी।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेंहूँ उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 20 मई कर दी गई है, जो पूर्व में 15 मई तक निर्धारित थी। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि किसान पंजीयन की सुविधा एवं गेंहूँ उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर गेंहूँ विक्रय का अवसर प्रदान करने को दृष्टिगत रखते हुए किसान पंजीयन की अवधि 20 मई तक बढाई गई है।

### ईव्हीएम की निगरानी हेतु बेवकास्टिंग व्यूविंग टीम का गठन

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा कृषि उपज मंडी कटनी स्थित विधानसभावार स्ट्रांग रूम में संधारित ईव्हीएम की बेवकास्टिंग के माध्यम से 24ग7 निगरानी हेतु बेवकास्टिंग व्यूविंग टीम का गठन किया जाकर तीन पालियों में 6 लोकसेवकों तथा 3 रिजर्व लोकसेवकों की डयूटी लगाई है। इस टीम को नोडल अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी सौरभ नामदेव जिला प्रबंधक ई - गवर्नेंस के मार्गदर्शन मे कृषि उपज मंडी में उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करेगी।

उमरियापान के बरौदा ग्राम पंचायत का मामला, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समाधान

# खराब पड़ा ट्रांसफार्मर, अंधेरे में रात गुजार रहे ग्रामीण, पेयजल समस्या भी गहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

बिजली विभाग के कर्मचरियों की बेपरवाही का खामियाजा भरी गर्मी में ग्रामीणों को भोगना पड़ रहा है। बरौदा ग्राम पंचायत में बीते 22 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है। बिजली समस्या के साथ पानी की सप्लाई भी बाधित है। जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्रामीण दिन की तेज धूप में पानी भरने के लिए दूसरे मोहल्लों में भटक रहे हैं। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने 22 दिनों में अनेकों दफा बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान कराने अधिकारी रुचि नहीं ले रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक बरौदा में लगा 100 केवी के बिजली ट्रांसफार्मर से गांव के लोंगों को बिजली सप्लाई के साथ नलों में पानी की सप्लाई भी की जाती है। ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली गुल हो गई है और पानी की सप्लाई भी बाधित है। ग्रामीणों को पानी न मिलने से वो परेशान है। ग्रामीणों को दिन के समय में तेज गर्मी का सामना करते



हुए पानी भरना पड़ता है। महिलाएं दिनभर हैंडपंप और कुओं पर पानी भरने के लिए मजबूर हैं। इसके अलावा कई ग्रामीण तो दूसरे मोहल्ले में जाकर निजी बोरों से पानी भर रहे हैं। बिजली समस्या से परेशान ग्रामीणों में आक्रोश की स्थिति नजर आने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से शिकायत के अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन 22 दिनों बाद भी उनकी समस्या का निदान नहीं हो रहा है। जिससे कि गांव के ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है।

### गर्मी में जीवन अस्त व्यस्त

ग्रामीणों ने बताया कि घरों में भी बिजली न होने से रात के समय अंधेरे में रहना पड़ता है। गर्मी के दिनों में बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद है। ऐसे में ग्रामीणों को दोहरी समस्या से जूझना पड़ता है। दिन के समय गर्मी में ग्रामीण बेहाल हो जाते हैं। रात के समय पर भी बिजली समस्या होने से जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा गलत तरीके तार फंसाकर मशीनें चालू की जाती है। जिससे कि बिजली समस्या निर्मित हो जाती है। शिकायत के बाद बिजली विभाग के अधिकारी कार्रवाई की वजह गलत तरीके से मशीनें चलाने वालों को संरक्षण दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों यदि बिजली नहीं रहती है तो उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण कराने की मांग किया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सहायक अभियंता ढीमरखेड़ा चंचल गुप्ता का कहना है कि बरौदा में ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी मिली है। दो तीन दिनों में वहाँ का ट्रांसफार्मर बदल जायेगा। जो लोग गलत तरीके से तार फंसाकर मशीने चलाते हैं उन पर भी कारवाई की जाएगी।

# एफआइआर दर्ज करने में घंटों टाल मटोल का रवैया

**8 वर्षीय बालिका से साथ हुई छेड़छाड़, एसपी के निर्देश पर की गई कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र में रहने वाली 8 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ की एफआईआर दर्ज कराने के लिए स्वजन को 3 से 4 घंटे लग गए। एनकेजे थाने में महिला पुलिस बल नहीं होने की वजह से परिजन रात 10 बजे महिला थाने पहुंचे लेकिन यहां न तो महिला थाना प्रभारी थीं और न ही स्टाफ। सूचना मिलने के बाद महिला थाना प्रभारी मधु पटेल थाने पहुंची परंतु एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी करने लगी। इसको लेकर काफी देर तक गहमागहमी की स्थिति बनी रही। एफआईआर दर्ज नहीं करने से परिजन क्षुब्ध थे। बाद में एसपी अभिजीत रंजन तक पूरा मामला पहुंचा और एसपी के निर्देश के बाद महिला थाने में एफआइआर दर्ज की गई।

बताया जाता है कि एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रेमनगर के पास रहने वाली 8 वर्षीय नाबालिग बालिका रात अपने घर के पास बैठी थी, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवक वहां पहुंचा और उसका मुंह बंद कर बाथरूम में ले गया। बालिका के चिल्लाते ही परिजन वहां पहुंचे और बाथरूम का दरवाजा तोड़कर किसी तरह युवक के चंगुल से बालिका को छुड़वाया। बताया जाता है कि लोगों की भीड़ एकत्रित होने के बाद आरोपी वहां से भाग गया। बाद में परिजनों कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता के साथ मामले की एफआईआर दर्ज कराने एनकेजे थाने पहुंचे।

### आरोपित हिरासत में

परिजन रात 10 बजे महिला थाने पहुंचे और महिला थाना प्रभारी मधु पटेल को मोबाइल पर घटना की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद भी महिला थाना प्रभारी मधु पटेल करीब एक घंटे के विलम्ब से पहुंची दर्ज करने में आनाकानी करने लगी। इसके बाद मनोज गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत मामले से अवगत कराया। तब कहीं जाकर पर पीड़ित पक्ष की एफआईआर हुई। आरोपित को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

**सुसाइड नोट में किया जिक्र, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस**

# लोको पायलट ने की आत्महत्या, सात लोगों पर प्रताड़ित करने लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोशन नगर निवासी एक लोको पायलट द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि लोको पायलट ने अपनी मौत के लिए सात लोगों को जिम्मेदार बताया है। आत्महत्या के पूर्व छोड़े गए सुसाइड नोट में उनके नाम और नंबर का उल्लेख किया है। सुसाइड नोट में लोको पायलट ने यह भी लिखा है कि 7 में से एक व्यक्ति ने उसकी बाइक भी छीन कर अपने पास रख ली है। इसके साथ ही वे लोग उसे 15 से 20% पर कर्ज देकर उससे अनाप-शनाप वसूली करते हैं और मानसिक यात्राएं देते



हैं। उसने अपनी मौत के लिए सीधे तौर पर सात लोगों को जिम्मेदार ठहराया है।

जानकारी के मुताबिक एनकेजे थाना अंतर्गत रोशन नगर निवासी 36 वर्षीय रेलवे लोको पायलट अमित कुमार बर्मन ने रविवार देर रात अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले लोको पायलट अमित कुमार बर्मन ने एक सुसाइड नोट भी कमरे में छोड़ा है। जिसमें उसने सात लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। मृतक ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि सुसाइड नोट में लिखे गए सात नाम और नंबर वाले लोग उसे 15 से 20% ब्याज पर कर्ज देते थे। उन लोगों के द्वारा बाकायदा कर्ज की नोटरी करवाई गई और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करके उसके डिटेल भी सुरक्षित रखे गए हैं। वसूली के लिए सातों लोग उसे मानसिक यात्राएं दे रहे हैं। इनमें से एक ने तो उसकी बाइक भी छीन कर अपने पास रख ली है। इन सात लोगों से परेशान होकर अमित ने आत्महत्या कर ली है।

### सूदखोर कर रहे थे परेशान

सूत्रों के अनुसार लोको पायलट अमित कुमार बर्मन आईपीएल सट्टे बाजों और कर्जदारों से परेशान था। बताया जाता है कि अमित सुसाइड नोट में लिखे गए सात लोगों के जरिए ही आईपीएल का सट्टा खेलता था और उनसे रुपए भी उधार लेता था। इन्हीं लोगों के द्वारा सट्टेबाजी और सूदखोरी का पैसा वसूल करने के लिए उसे यातनाएं दी जा रही थी। मानसिक रूप से परेशान होने के बाद आखिरकार अमित ने मौत को गले लगा लिया।

## मदारी टोला में मोटीवेशन कैम्प का आयोजन



बड़वारा ग्राम पंचायत के जगतपुर उमरिया में स्थित मदारी टोला में मोटिवेशन कैंप लगाया गया जिसमें बाल संरक्षण के देवेंद्र गुप्ता एवं विक्टर सर तथा उनकी टीम एवम उनकी सजगू टीम के नन्हे परी से सुमित विश्वकर्मा एवं आरती चौधरी तथा शिक्षक नरेश चौधरी और सभी पालक एवं वहां के सभी बच्चे उपस्थित रहे कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भुड़सा की अधीक्षक श्रीमती यशोदा कोरी के मार्गदर्शन में बालिकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं रैली निकालकर सभी को प्रेरित किया गया । यशोदा कोरी ने छात्र छात्राओं एवम उनके पालकों को परामर्श देते हुए बताईं की बालिकाएं बालकों से कम नहीं होतीं, आपके बच्चे बच्चियां पढ़ लिखकर विद्यालय,आपका एवम अपना तथा अपने ग्राम का नाम रोशन करेंगे, अपना भविष्य सवारेंगे जीवन में अच्छा मुकाम हासिल करेंगे अतः सभी को छात्रावास में रहकर या स्कूल में दाखिल करवाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभा तिवारी द्वारा बालिकाओं को बहुत ही अच्छे तरीके से समझाया गया एवं मोटी वेट किया गया।

# जिले में नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने अपर कलेक्टर अधिकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने पूर्व मे जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अब जिले मे नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने हेतु अपर कलेक्टर को अधिकृत किया है। इसके पहले जारी आदेश मे संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नलकूप खनन की अनुमति देने हेतु कलेक्टर द्वारा अधिकृत किया गया था। इसी आदेश को संशोधित किया गया है।

### प्रयोजन का उल्लेख

कलेक्टर श्री प्रसाद से बोरवेल रिंगवेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भेंट में सिंगल विंडों की सुविधा चाही गई थी। उनके इस मांग पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने एम.पी.ई - सर्विस पोर्टल पर ऑनलाइन सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करने की सहमति प्रदान की है। इसके तहत आवेदक को नलकूप खनन हेतु आवेदन के साथ प्रस्तावित भूमि का खसरा, रजिस्ट्री की प्रति के साथ - साथ नलकूप खनन के प्रयोजन का उल्लेख करना होगा। इसके अलावा भूमि स्वामी का पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, और नलकूप खनन करने हेतु प्रस्तावित फर्म का ऑनलाइन एम.पी.ई - सर्विस पोर्टल पर फर्म एवं मशीन के पंजीयन की प्रति भी देनी होगी। इसके अलावा भूमि - स्वामी एवं नलकूप खनन करने वाली फर्म के बीच की सहमति पत्र भी देना होगा।

### 48 घंटे पूर्व आवेदन

नगरीय क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु अधिकृत इंजीनियर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन के प्रकरणों में संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर नलकूप खनन की अनुमति दी जायेगी। आवेदन प्रस्तावित खनन तिथि से कम से कम 48 घंटे पूर्व ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा। बोरवेल खनन उपरांत उसको सुरक्षित करने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भू-स्वामी एवं संबंधित फर्म की होगी।

**कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही**

# रेत के अवैध परिवहन पर 31 हजार 625 रूपये का लगाया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप विगत दिवसों रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए एक वाहनों से 31 हजार 625 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया जाकर वाहन मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 7 अप्रैल को ग्राम बरहटी स्कूल के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ट्रेक्टर वाहन क्रमांक एम.पी. 21 एबी 4717 ट्राली सहित अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, सिब्बु



केवट पिता मुन्नू केवट निवासी हिनौता विजयराघवगढ़, वाहन मालिक सुनील जायसवाल पिता मथुरा जायसवाल निवासी विजयराघवगढ़ द्वारा 3 धनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिस पर खनिज विभाग द्वारा वाहन जप्त किया जाकर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

अनावेदक द्वारा उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करनें की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोध किये जाने पर जिला खनिज अधिकारी द्वारा अनावेदक से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा कराया जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 2022 के तहत अनावेदक द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा कर दिये जाने पर जप्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करनें के प्रावधान के अंतर्गत जप्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

**आदेश के उल्लंघन पर कार्यवाही, बोरिंग वाहन किया गया जब्त**

# बिना अनुमति अवैध बोर खनन करने पर दर्ज हुई एफ.आई.आर.

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन और कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का उल्लंघन कर अवैध रूप से बोरिंग करने पर सोमवार को बाकल पुलिस थाना में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। यह प्राथमिकी बोरिंग मशीन के वाहन चालक धारेन्द्र बुनकर निवासी रंगोली, सेमरिया जिला रीवा के विरूद्ध दर्ज की गई है। अवैध बोर खनन करने वाले बोरिंग मशीन वाहन को जब्त कर बाकल पुलिस चौकी की अभिरक्षा मे रखा गया है।

जिले मे वर्तमान में मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम लागू होने के कारण बिना अनुमति नलकूप खनन पाये जाने वाली फर्म, ठेकेदारों, खनन एजेंसी और व्यक्तियों व संस्थाओं पर कार्यवाही हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी गाईडलाइन जारी की गई है। गाईडलाइन के अनुसार बोरवेल और टयूबवैल खनन के लिए सक्षम अधिकारी के पास कम से कम 15 दिन की



अग्रिम लिखित सूचना देने की अनिवार्यता है। अनुमति मिलने के बाद ही खनन कार्य कराया जाना था। साथ ही भूमिगत स्त्रोंतों से जल प्राप्त करने हेतु नलकूपों का खनन कार्य करने के बाद जिन नलकूपों में जलआवक क्षमता प्राप्त नहीं होती है या कम प्राप्त होती है उन नलकूपों को सुरक्षित किये बिना खुला छोड दिया जाता है जो छोटे बच्चों के गिरने का कारण बनते है जो गाईडलाइन का उल्लंघन है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बीते 28 मार्च को एक आदेश जारी कर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया था। इसके तहत कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पूर्व अनुज्ञा प्राप्त किये बिना किसी भी प्रयोग के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं कर सकेंगा। इसी के उल्लंघन पर बाकल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

तहसील बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम पाकर में पटवारी हल्का नंबर 24 मे सोमवार 29 अप्रैल को बोरिंग मशीन वाहन क्रमांक के.ए. 51 एम.बी 0216 से पाकर निवासी मदन सिंह पिता जालिम सिंह एवं झरौली निवासी मोहन पिता प्रेमलाल लोधी के खेत में बिना अनुमति बोरिंग मशीन के वाहन चालक सनी कुमार पिता नत्थू प्रसाद निवासी सतना एवं धारेन्द्र बुनकर पिता रामस्वंवर निवासी रंगोली, थाना सेमरिया जिला रीवा द्वारा बिना सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये बोर किये जाने की सूचना पर पंचनामा तैयार किया गया। जिसमे कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के आदेश का स्पष्टतः उल्लंघन पाया गया।

ग्राम पाकर के कोटवार दरस्वरूप पिता रामसहाय द्वारा बाकल पुलिस थाना मे बोरिंग मशीन के वाहन चालक धारेन्द्र बुनकर के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत एफ.आई. दर्ज की गई जिसका नंबर 0161 है।



# युवक से 2 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला पुलिस ने एक युवक से गांजा जब्त किया है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम कन्हवारा शराब दुकान के पास एक व्यक्ति जो की ग्राहक की तलाश में मिला। वह पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। उसे पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 2 किलो 20 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 20,000 रुपये का जप्त किया गया। आरोपी राजेश कुशवाहा पिता भारत कुशवाहा उम्र 34 वर्ष निवासी शंकर मोहल्ला ग्राम कन्हवारा थाना कुठला को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरी. सौरभ सोनी, हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक ताहिर खान, शिवशंकर दुबे, राहुल मिश्रा, नरेन्द्र पटेल, महिला प्रधान आरक्षक सविता तिवारी, आरक्षक मनोज सिंह राजपूत, अजय पाठक द्वारा कडी मेहनत एवं लगन से कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त की गई।

## खबर संक्षेप



### अलग अलग स्थानों में चल रहे जुआफड़ में दबिश, नकदी जब्त

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्यवाही के दौरान जुआरियों में हड़कंप की स्थिति मच गई थी। पुलिस टीम ने सभी जुआ फड़ से रकम जब्त कर जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शाम के समय टीम ने गांधी दालमिल गली से रामसिंह लोधी, राजू सौंधिया, रोशन सोनी तथा मनोज निषाद सभी निवासी कटनी को 52 ताश पत्ते तथा नकदी 440 रुपए के साथ पकड़ा है। इधर कुठला पुलिस ने दोपहर के समय मतवार पडरिया से अमरनाथ पटेल, सुक्खा दहायत को नकदी रकम 230 रुपए, ताश के 52 पत्तेअवैध तो इसी थाने की दूसरी टीम ने मझगवा फाटक पर संन्तु आदिवासी एंव पुत्रू लाल आदिवासी को 150 रुपए, ताश के 52 पत्ते व तीसरी टीम ने मतवार पडरिया से शंकर पटेल, बेली राम आदिवासी, बृजभान कोरी की फड़ से नकदी 400 रुपए व ताश के 52 पत्ते तथा चौथी टीम ने दर्पण लाज के सामने पुरैनी से सोमनाथ चौधरी निवासी पहरूआ, बृह्मानंद मेहतो निवासी इन्द्रानगर, गजराज सिंह निवासी अमरकंठक जिला अनूपपुर की फड़ से 280 रुपए तथा ताश के 52 पत्ते जब्त कर कार्रवाई की है।

### तेंदुए के हमले में घायल सांभर की हुई मौत

**कटनी।** वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के करौदी बीट में तेंदुए के हमले से एक मादा सांभर की मौत हो गई। वन्य प्राणी को देख तेंदुए ने हमला किया था। रात को वन विभाग ने को इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने कार्रवाई शुरू किया। जानकारी के मुताबिक करौंदी बीट में बीती रात को सांभर को तेंदुए ने खदेड़ा, जिससे सांभर घायल हो गया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। वन्य प्राणी प्रेमी नमन चौरसिया ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दिया। रात को वन विभाग का अमला और सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे। वन्य प्राणी को सुरक्षित किया। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि करीब दो वर्षीय मादा सांभर की मौत हुई। रविवार को कार्रवाई उपरांत पशु चिकित्सक डॉ. रवि सोनी के द्वारा वन्य प्राणी का पोस्टमार्टम किया गया। विधिवत तरीके से वन्य प्राणी का दाह संस्कार किया गया। इस मौके पर वन और सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति रही।

### वाहन की लगी टक्कर, विरोध किया तो मारपीट

**कटनी।** वाहन की टक्कर लगने पर युवक ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। मामला एनकेजे थानांतर्गत के जुहला बाई पास का है। जानकारी के अनुसार गोविंद निषाद साकिन जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी को एक्स यू व्ही क्रमांक एमपी 21 जेडसी 3786 के चालक हुसेन ने टक्कर मार दी। जब उसने इसका विरोध किया तो हुसैन ने उसके साथ गालीगलौज कर दी और जमकर मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### खेत में लगा सबमर्सिबल व तार किया पार

**कटनी।** खेत में बनं मकान भिड़की हार से दो चोर सबमर्सिबल पंप व तार चोरी कर ले गए। घटना बहोरीबंद थानांतर्गत कुंआ की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्जकर फरार हुए दोनों चोरों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है। पुलिस ने बताया कि थाने पहुंचकर अनिल बर्मन नि. ग्राम कुआं ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भिड़की हार में खेत है। जहां मकान भी है। उसने बताया कि भखरवारा निवासी अजय देवगन कोल व साहिल कोल ने उसके खेत से सबमर्सिबल पंप कीमती 8000 एवं तार कीमती 3000 कुल 11000 रुपए का सामान चोरी कर ले गए हैं।

## कलेक्टर ने डाईट मे शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्या की ली बैठक

# परीक्षा परिणाम को बेहतर करने एवं कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



बोर्ड परीक्षाओं का अगले शैक्षणिक सत्र में और बेहतर परीक्षा परिणाम आयें इसके लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस संबंध में मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में स्कूलों के प्राचार्यो की आयोजित बैठक मे कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों और कमजोर छात्रों को चिन्हित कर उनपर विशेष ध्यान देने की कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक मे यह तय हुआ कि शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश से 30 मई को वापस आने के तत्काल बाद से ही इस मुहिम पर प्रभावी अमल शुरू कर दिया जायेगा।

बैठक के प्रारंभ मे कलेक्टर ने हाई स्कूल और हायर सेकेन्ड्री के हाल ही मे घोषित परिणामों में उत्कृष्ट उपलब्धियों का पूरा श्रेय प्राचार्य और शिक्षकों की लगनशीलता से किये गये अध्यापन कार्य और छात्रों के परिश्रम को देते हुए सभी को बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों एवं प्राचार्यो की मेहनत से ही परीक्षा परिणामों की बेहतरी मे कटनी जिले ने ऊंची छलांग लगाई है। दसवी के परीक्षा परिणाम के मामले मे बीते साल कटनी जहॉ प्रदेश में 39 वें स्थान पर रहा, वहीं कटनी जिला इस साल 8 वें स्थान पर पहुंच गया है। इसी प्रकार 12वीं के परीक्षा परिणाम के मामले में पिछले साल कटनी प्रदेश भर में 50 वें पायदान पर था और इस साल शिक्षकों और छात्रों के कठिन परिश्रम की वजह से कटनी प्रदेश में 9वें स्थान पर पहुंच गया है। जो परीक्षा परिणामों के नजरिये से बड़ी उपलब्धि है।

कलेक्टर ने कहा कि कार्ययोजना आधारित अगले शैक्षणिक सत्र के लिए ऐसी रणनीति बनानी होगी ताकि पहले स्थान से लेकर दसवे स्थान तक की राज्यस्तरीय प्रवीण्य सूची में केवल कटनी जिले के ही छात्र मौजूद रहें। इसके लिए हाई स्कूल और हायर सेकेंड्री के प्रतिभावान और मेहनती छात्रों को लक्ष्यांकित कर मेहनत करनी होगी।

### प्राचार्यो से मिले सुझाव

बेहतर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यो ने अपने स्कूल मे शैक्षणिक पैटर्न की जानकारी देते हुए अगले साल के परीक्षा परिणाम में और बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### मिशन आधार की अध्ययन सामग्री

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि हर विषय के लिए मिशन आधार की बुकलेट की विषयवस्तु और अध्ययन सामग्री को परीक्षावार छात्रों की स्कूल में आयोजित होने वाली तिमाही, अर्द्धवार्षिक और फाइनल अर्थात वार्षिक परीक्षा के पाठयक्रम को समाहित कर तैयार कराना होगा।

### कमेटियों का हुआ गठन

मिशन आधार के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाकर कमेटीवार छात्रों का ग्रुप तैयार करनें, मिशन आधार की बुकलेट तैयार करनें विशेषज्ञों की टीम और शिक्षकों की वी.सी के माध्यम से बैठक आयोजित करनें का दायित्व सौंपने का भी सुझाव मिला।

### बेहतरी के लिए नवमी से ही पढ़ाई पर देना होगा ध्यान

बैठक मे यह भी सुझाव प्राप्त हुआ कि बोर्ड परीक्षा के परिणाम की बेहतरी के लिए नवमीं कक्षा के छात्रों की पढ़ाई पर विशेष फोकस करना होगा। 10वीं के छात्रों के लिए मॉडल टेस्ट पेपर बनाने का भी सुझाव प्राप्त हुआ।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि इस शैक्षणिक सत्र में डी.ई.ओ यह सुनिश्चित करें कि अतिथि शिक्षकों के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति हो। साथ ही अतिथि शिक्षकों का ओरियेंन्टेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी व्ही.सी के माध्यम से करायें। इसके लिए विशेषज्ञों से पी.पी.टी भी तैयार करायें।

कलेक्टर ने बैठक में 5-5 छात्रों का ग्रुप बनानें तथा ग्रुप वाईस छात्रों को शिक्षा प्रदान करनें का सुझाव दिया।उन्होने कहा इससे छात्रों मे समूहिकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास होगा, साथ ही ग्रुप के कमजोर छात्र की पढ़ाई मे अच्छे छात्र मदद कर सकेंगे। अच्छे नंबर प्राप्त करनें वाले ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित करने का भी सुझाव मिला ताकि अन्य छात्र भी प्रोत्साहित होकर कड़ी मेहनत करें। वर्तमान मिशन आधार बुकलेट पाठ्यक्रम में और अधिक विषयवस्तुओं को समाहित किया जाकर इसे विस्तृत और व्यापक स्वरूप में तैयार किया जायेगा। छात्रों को इसे जुलाई माह से ही प्रदान कर दिया जायेगा। ताकि छात्रों को पाठ्यक्रम की तैयारी में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे।

### बाइक सवारों को टक्कर मार कर फरार हुआ चालक

**कटनी।** चारपहिया वाहन और बाइक की आमने- सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घटना के बाद चारपहिया वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसा ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पहरुआ के पास हुआ। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस और 108 को दी। 108 की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरिया पान भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि जबलपुर जिले के खितोला थाना अंतर्गत आने वाले तीनों युवक मोटरसाइकिल से विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। पहरूआ गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने के कारण तीनों घायल युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया है। गौरतलब है कि जिले में सड़क हादसों का इजाफा हो रहा है, वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करने में भी गुरेज कर रहे हैं। हेलमेट भी नहीं लगाते।

**कुठला पुलिस ने चाका चौराहे में की कार्यवाही**

## जुआ खेल रहे जुआरियों का वीडियो हुआ वायरल, पुलिस ने दबिश देकर धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



कुठला पुलिस ने 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल सोशल मीडिया पर चाका चौराहे में कुछ लोगों के युवा खेलने का वीडियो सामने आते ही पुलिस एक्शन मोड पर आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने तत्काल टीम के साथ दबिश देकर 5 जुआडियों को रंगे हाथों दबोच लिया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में 30 अप्रैल को कुठला पुलिस ने जुआडियो के विरुद्ध कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त की है।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि चाका चौराहे पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके संबंध में मुखबिर द्वारा एक वीडियो भी दिया गया। जिसकी तस्दीक हेतु थाना प्रभारी कुठला द्वारा टीम गठित कर चाका बाय पास ओव्हर ब्रिज के नीचे जुआ रेड कार्यवाही की गई। जिसमें सोने लाल पिता दाटू राम उम्र 19 साल निवासी बुढा थाना कुठला, आकाश भुमिया पिता सम्भु लाल भुमिया उम्र 24 साल निवासी बुढा थाना कुठला, रोहित कुशवाहा पिता कमल कुशवाहा उम्र 29 साल निवासी कन्हवारा कटनी, राधेश्याम मोर्या पिता बैजनाथ मोर्या उम्र 64 साल निवासी चाका कटनी के कब्जे से नगदी रकम एवं ताश के 52 पत्ते जप्त किये गए।

कार्यवाही में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरी. के.के. सिंह, हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, दिवाकर ओझा, रामेश्वर सिंह, राहुल मिश्रा, आरक्षक बालकृष्ण तिवारी, विनोद मार्को, मनोज सिंह राजपूत आदि स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना की दी जानकारी



शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत अग्निवीर सेना भर्ती हेतु आवश्यक मार्गदर्शन व्यख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना प्रभारी दीपिका जैन ने छात्र छात्राओं को बताया कि अग्निपथ और अग्निवीर योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों में युवाओं की प्रतिभागिता बढ़ाना है,ताकि देश सेवा में युवा अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं की भर्ती ( थल सेना, वायु सेना और नौसेना) में नए सैनिकों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना शुरू किया। योजना के तहत देश सेवा के लिए अभिप्रेरित युवा को चार वर्ष की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं देने का अवसर दिया जाता है।इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों और छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## शिकायत लिखने व कार्यवाही में बरती गई लापरवाही की एडिशनल एसपी करेंगे जांच

**पुलिस अधीक्षक से भेंट कर लोगों ने जताया आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



एनकेजे थाना क्षेत्र में एक आठ वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ की शिकायत लिखने और कार्रवाई में लापरवाही बरतने के मामले में मंगलवार को क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन से मुलाकात कर विरोध जताया है। क्षेत्र के लोगों ने महिला थाना प्रभारी कि कार्यशैली को असंवेदनशील बताया है। साथ ही महिला थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन का कहना है कि बच्चों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए थी, इस मामले की जांच एडीशनल एसपी को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विभागीय मर्यादाओं के अनुरुप विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल एनकेजे थाना क्षेत्र में एक आठ वर्षीय बच्ची से क्षेत्र में ही रहने वाले एक 50 वर्षीय अधेड़ ने छेड़छाड़ किया था। बच्ची को जबरन अपने घर के टॉयलेट में ले गया था। क्षेत्र में शोर मचने पर अधेड़ वहां से भाग गया था।

इस मामले में परिजन पहले एनकेजे थाना क्षेत्र पहुंचे। जहां से उन्हें महिला थाने भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि महिला थाने में उनकी शिकायत दर्ज करने में काफी लेटलतीफी हुई है। जिसको लेकर परिजन और क्षेत्रीय लोगों ने महिला थाना प्रभारी की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

**कृषि उपज मंडी में सुरक्षा के बीच रखी गई है ईव्हीएम**

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित निगरानी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



लोकसभा चुनाव के लिये कटनी जिले के विधानसभा क्षेत्र बडवारा में शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के लिए मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 26अप्रैल को हुये मतदान के बाद ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच कृषि उपज मंडी परिसर पहरूआ में विधानसभा वार बनाये गये स्ट्रांगरूम में रखा गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने सोमवार की रात स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी हेतु औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर स्ट्रांगरूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी सशस्त्र सुरक्षा जवानों ने संभाल रखी है। स्ट्रांगरूम के पास किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है। वहीं स्ट्रांगरूम के भीतर और उसके चारों ओर की प्रत्येक गतिविधि पर सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखी जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों अथवा उनके अभिकर्ताओं के समक्ष सीसीटीव्ही कैमरों की लाइव तस्वीरें प्रदर्शित करने कृषि उपज मंडी परिसर में टेंट लगाकर बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। इस स्क्रीन पर कैमरों की लाइव तस्वीरें चौबीसों घण्टे प्रदर्शित की जा रही हैं । राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की सुविधा के लिये यहाँ बड़ा पंडाल भी लगाया गया हैं, जहाँ ये एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित इन सीसीटीव्ही की लाइव तस्वीरों के माध्यम से स्ट्रांगरूम पर चौबीस घण्टे निगरानी रख रहे हैं। दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्ट्रांगरूम की चौबीस घण्टे निगरानी रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स को तैनात किया है। श्री प्रसाद ने रोस्टर तय कर चारों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों और कार्यपालिक दंडाधिकारियों की भी स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करने ड्यूटी लगाई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांगरूम अब मतगणना दिवस की सुबह निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये जाने वाले गणना प्रेक्षकों तथा राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में खोले जायेंगे।

**अधिवक्ताओं के ज्ञापन सौंपने पर एसडीएम ने बनाई संयुक्त टीम**

## नदियों में मोटर पंप मिलने पर की जाएगी जब्त, होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा



उमरियापान - ढीमरखेड़ा क्षेत्र में जलस्तर का स्थायित्व देने वाली जीवनदायिनी बेलकुण्ड और मौरी नदी सूख गई है।क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बनी हुई है। बीते डेढ़ माह पहले तक नदी में पानी भरा हुआ था। लेकिन नदी अब पूरी तरह से सूखकर मैदान का स्वरूप दे चुकी है। नदी से अपने खेतों में सिंचाई करने वाले किसानों ने अवैध रुप से पानी का बड़े पैमाने पर दोहन किया।नदी सूखने से किसानों और ग्रामीणों को हो रही समस्याओं को लेकर ृहरिभूमिृ ने बीते दिनों खबर का प्रकाशन किया गया। खबर के प्रकाशन के बाद अधिवक्ता आगे आये और मंगलवार को ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंह मारे को ज्ञापन सौंपकर गर्मी के दिनों में नदियों से अनैतिक जल दोहन सिंचाई प्रयोजन में उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया।

इस मौके पर अधिवक्ता संघ तहसील अध्यक्ष राजेश प्यासी, अटल बिहारी बाजपेयी,रमेश पटेल सहित अन्य लोंगों की उपस्थिति रही। अधिवक्ताओं ने बताया कि नदियों के रेत उत्खनन, अवैध सिंचाई के चलते नदियां सूख गई है। क्षेत्र में पानी के अन्य स्त्रोत भी सूख गए हैं।पानी न होने के कारण पशु पक्षियों,मवेशियों और जंगली जीव जंतुओं को पानी का संकट हैं। न जाने कितने जीव जंतु पानी के अभाव में अपना दम रोज तोड़ रहे हैं।

अधिवक्ताओं द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के बाद नदियों के पानी से हो रही अवैध सिंचाई को रोकने ढीमरखेड़ा एसडीएम विन्की सिंह मारे ने टीम बनाई है।टीम में ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल,उमरियापान नायब तहसीलदार अजय कुमार मिश्रा, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान, उमरियापान थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय के अलावा ढीमरखेड़ा-उमरियापान के राजस्व निरीक्षकों के साथ हल्का पटवारियों को शामिल किया है।एसडीएम ने कहा कि बेलकुण्ड और मौरी नदियों में संयुक्त टीम निरीक्षण कर नदियों में पाए जाने वाले मोटर पंपों की जब्ती कर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए।

### छात्रों ने मारी बाजी,विद्यालय व क्षेत्र का नाम किया रोशन

**ढीमरखेड़ा।** सीएम राइज स्कूल उमरियापान के आदिवासी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। टोला गांव में रहने वाले आदिवासी परिवार के छात्र साहिल कोल ने कक्षा 10वीं में 92.60%अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।वहीं पचपेढ़ी के पकरिया गांव के आदिवासी छात्र दिलीप सिंह ने कक्षा 12वीं में 86.70%अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।दोंनो ही छात्र गरीब परिवार से है। छात्रों की सफलता पर विद्यालय में शिक्षकों ने छात्रों को पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया। स्मृति चिन्ह देकर छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य मुकेश पटेल ने बताया कि परीक्षा परिणामों में बीते वर्षों की अपेक्षा वृद्धि हुई है।आगे शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हो, इसके लिए लगातार प्रयास जारी है।

## माई नदी को पुनर्जीवन देने शुरू किये गए प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शहर के बीचो-बीच से होकर गुजरने वाली माई नदी जिसे सिमरार नदी के नाम से भी जाना जाता है उसे पुनर्जीवन प्रदान करने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयास से जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### तैयार की थी कार्ययोजना

इस संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों कलेक्टर श्री प्रसाद ने भ्रमण के दौरान नदी की दुर्दशा देखकर नगर निगम एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को नदी को पुनर्जीवित करने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए थे। नदी को बचाने के लिए बीते दिनों कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर शहर के प्रतिष्ठित जनों के साथ बैठक आयोजित कर नदी को बचाने की कार्य योजना भी तैयार की गई थी।

एसडीएम श्री मिश्रा ने बताया कि नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त प्रयास से आगामी 1 मई 2024 से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। नगर निगम एवं प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में 1 मई सुबह 8 बजे माई नदी घाट में श्रमदान कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। एसडीएम श्री मिश्रा ने बताया कि 14 किलोमीटर लंबी नदी को बचाने के लिए शहर के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन के सहयोग से नदी में घाट निर्माण, पौधारोपण, सौंदरीकरण सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। एसडीएम श्री मिश्रा ने शहर के जागरूक नागरिकों से भी माई नदी को पुनर्जीवित करने के प्रयास में आगे आकर सहयोग करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### बेलगाम पिकअप ने 16 माह की मासूम बच्ची को रौंदा, पैर का पंजा कुचला



**पन्ना।** जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं। अजयगढ़ थाना अंतर्गत अमहा तिगैला घर के सामने खेल रही एक 16 माह की मासूम बच्ची को बेलगाम पिकअप वाहन ने रौंद दिया जिससे बच्ची के एक पैर का पंजा बुरी तरह से कुचल गया है। गंभीर हालत में बच्ची को परिवार के द्वारा अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर विपिन पटेल के द्वारा बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया है। बच्ची के भाई रवि आदिवसी ने बताया कि बच्ची घर के सामने ही खेल रही थी तभी पिकअप वाहन ने चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बच्ची को कुचल दिया।

### पुलिस में सेवा के बाद रिटायर्ड हुए अशोक द्विवेदी

**पन्ना।** पुलिस विभाग में पन्ना कोतवाली से अपनी नौकरी की शुरुआत करने वाली मूलत उत्तर प्रदेश के निवासी सी अशोक द्विवेदी 37 वर्ष की पुलिस सेवा के बाद आज रिटायर्ड हो गए पूरी अपने सेवा के कार्यकाल के दौरान अशोक द्विवेदी ने लग्न और मेहनत से काम किया और पुलिस विभाग का नाम रोशन किया। एस आई अशोक द्विवेदी एवं उनकी धर्मपत्नी राजेश्वरी द्विवेदी के रिटायरमेंट की अवसर पर कोतवाली में समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी पुलिस के साथ ही कर्मचारियों अधिकारियों ने सुखद जीवन की कामना की कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्रा ने अशोक द्विवेदी का सम्मान किया और माल श्रीफल और साल से सम्मान पर उपहार दिया। इस दौरान उनके परिजन चित्रकूट से आए कार्तिक द्विवेदी, पद्मनाभ द्विवेदी, राजेश्वरी द्विवेदी, शिवकुमार त्रिपाठी, प प्रज्ञा परोहा, उप निरीक्षक रचना पटेल, उपनिरीक्षक कस्तूरी अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक राम सजीवन तिवारी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फूल कुमारी क्रिकेटटा, उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पांडे, उपनिरीक्षक रामकृष्ण पाण्डेय ,सहायक उप निरीक्षक रानी भारतीय, दीप प्रकाश,सृष्टि तिवारी जानकी सिंह तारा देवी, नत्थू लाल,राजकुमार, रवि खरे सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारीयों विदाई समारोह में शामिल होकर अच्छे स्वास्थ्य और सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी।

### पूरक परीक्षा के आवेदन 1 मई से

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 01 मई से भरे जाएंगे। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे।

तालाब में की जा रही खेती

# तलैया निर्माण कार्य के नाम पर फर्जी मजदूरी का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



जनपद पंचायत हटा की ग्राम पंचायत बंधा में फर्जी मजदूर बनाकर लाखों का खेल किया गया है सरपंच रोजगार सहायक द्वारा तलैया निर्माण कार्य में अपने चहेतो के नाम मजदूरी में डालकर लाखों रुपए आहरण किए गए लेकिन अधिकारियों द्वारा इन पर नकेल नहीं कसी जा रही है जिससे सरपंच और रोजगार सहायक निर्भीक होकर अपनी गैर कानूनी कारस्तानियों को अंजाम दे रहे है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत बंधा गांव में खजुलाई तलैया के निर्माण कार्य के नाम पर बर्ष 2023-24में लाखों रू.के फर्जी मस्टरों को भरकर मजदूरों के नाम पर राशि आहरित कर ली गई वहीं जिम्मेदारों द्वारा उक्त तलैया की भूमि पर खेती कर दोहरी कमाई कर शासन की राशि को चूना लगानें का काम किया गया। दरअसल ग्राम पंचायत बंधा में स्वीकृत तलैया में कुछ भी निर्माण कार्य नहीं किया गया बल्कि अभी उस भूमि पर गेंहू की खेती पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा की गई थी जिसकी तस्वीरें फोटो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उस भूमि की फसल को हार्वेस्टर से कटवाया गया है जो साफ-साफ नजर आ रहा है लेकिन उसके बाद भी फर्जी मस्टर डालकर लाखो की राशि मजदूरों के नाम पर आहरित कर ली गई।

### फर्जी मस्टर भरकर राशि कर ली आहरित

देखा जाये तो रोजगार गारंटी से स्वीकृत तलैया निर्माण कार्य के नाम पर बर्ष 2023 में 5 मई से लेकर 25 जून तक 57 मस्टरो पर 2 लाख 46 हजार 762 रू.की राशि आहरित होने के बाद बर्ष 2024 में भी इसी निर्माण कार्य के नाम पर जीरो पर मस्टरो को भरा गया लेकिन सवाल यहां खड़ा होता है कि किसी भी प्रकार से बगैर निर्माण कार्य कराये राशि आहरित कैसे हो गई और ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक द्वारा फर्जी मस्टरो में मजदूरों के नाम पर लाखों की राशि आहरित करा ली गई। लेकिन गौर करने वाली बात है कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा उपयंत्री से सांठगांठ बनाते हुए राशि का आहरण किया गया है जबकि नियमानुसार कोई भी निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही उसकी गुणवत्ता के साथ उसकी लंबाई चौड़ाई आदि का माप करने के बाद ही उस निर्माण कार्य में सहायक यंत्री द्वारा सीसी जारी की जाती है लेकिन इस तलैया निर्माण में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और लाखो की राशि आहरित होती चली गई।

### इनका कहना है

तलैया निर्माण कार्य की जांच की जाएगी एवं पटवारी से प्रतिवेदन लिया जाएगा कि किस आधार पर उस भूमि पर अनाधिकृत कब्जा कर खेती की जा रही है उसकी जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**बीएस यादव**
**जनपद सीईओ हटा**

भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौली से मचा हाहाकार

# विद्युत विभाग में नहीं होती सुनवाई खराब पड़े ट्रांसफार्मर, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पतलोनी से लेकर अनेकों गांव के विद्युत उपभोक्ताओं ने हर्रई विद्युत सब स्टेशन के अधिकारी की मनमानी के चलते आए दिन बिजली आंखं मिचौली का खेल करने से उपभोक्ता परेशान है। आए दिन बिजली रात हो या दिन आति और जाती रहती है। दिन में 20 बार ट्रिप मारने से पंखे बल्ब आदि उपकरण खराब हो रहे है। ग्राम पतलोनी की तालाब के पास रखी डीपी से संबंधित उपभोक्ता हर महीने बड़ा नुकसान झेल रहे है। तालाब के ट्रांसफार्मर की अर्थ फेस की तीनों लीड लगभग एक माह से जली पड़ी है जिसको सुधरवाने के लिए उपभोक्ताओं ने हर्रई विद्युत अधिकारी से गुहार लगाई लेकिन आज तक सुधार नहीं हुआ। उपभोक्ताओं ने जली हुई लीडो को जोड़कर अर्थ फेस बना लिए और बिजली जलाते रहते है लेकिन विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। डीपी से जुड़े कनेक्शनधारी लोग अब स्वयं मजबूरीवश बिजली सुधारनी पड़ रही है। कभी किसी व्यक्ति के साथ करंट से बड़ा हादसा हो सकता है। ग्राम पतलोनी में रखे हुए हर ट्रांसफार्मर में उपभोक्ता स्वयं की डोरी लगाए हुए हैं। एक खंबे में सैकड़ो डोरी लगी होने से उपभोक्ता स्वयं की डोरी पहचानने में परेशान रहता है। कंपनी उपभोक्ताओं को कनेक्शन देती है लेकिन लीड नहीं देती जिसको बाजार से स्वयं लेना पड़ता है। खम्मा पर खींचने वाली मेंन लीड भी जलकर खाक हो चुकी है जो खिलौने की तरह खम्बे पर झूल रही है। कभी किसी व्यक्ति को करंट लग सकता और बड़ा हादसा होने का भय बना रहता है। आदिवासी बाहुल्य सुनवाही ग्राम पंचायत के ग्राम टपरियों मैं ट्रांसफार्मर अनेको महीनों से जला पड़ा है। दूसरा ट्रांसफार्मर भी दैनिक दशा में चल रहा है, कब जल जाए इसका भरोसा नहीं। ग्राम के आदिवासी व्यक्तियों ने अपने खेतों में उर्दू मूंग की बोनी की है। और पानी देने के लिए बिजली नहीं है। ट्रांसफार्मर जला पड़ा जिसको सुधरवाने के लिए व्यक्तियों ने दूसरा ट्रांसफार्मर रखवाने के लिए गुहार लगाइ लेकिन गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है। चुनाव के दौरान अनेकों बार गांव में जनप्रतिनिधि गए जिनको भी ग्राम वासियों ने बताया और डीपी रखवाने की मांग की। परंतु किसी ने बिजली जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने की नहीं सोची। ग्राम वासियों कहा कहना है कि कहा विद्युत अधिकारी जबेरा और तेजगढ़ विद्युत मंडल का प्रभार होने से हर्रई कार्यालय को समय नहीं देते जिससे बिजली का विधिवत रूप से संचालन नहीं हो रहा है। उच्च अधिकारी इस और ध्यान देंगे जिससे बिजली का सुधार हो उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके। इस संबंध में हर्रई विद्युत मंडल प्रभारी महदेले साहब को फोन लगाने पर उन्होने फोन नहीं उठाया।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

इटवा लाडनबाग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान *कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग जी* ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान किशोरी जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ।महारास में स्वयं शंकर भगवान पहुंचे। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। कथा के मुख्य श्रोता पंडित माधव प्रसाद दुबे श्रीमती सुमतरानी दुबे एवं समस्त दुबे परिवार लाडन बाग इटवा दमोह , पं, नर्मदा प्रसाद गर्ग ,रवि शंकर मिश्रा ,रामकुमार गर्ग ,रोहित गर्ग ,लखन लाल दुबे , मणि शंकर तिवारी सुरेंद्र तिवारी ,गया दुबे जुगल किशोर तिवारी,राकेश दुबे,संतोष दुबे ,बंटी दुबे ,श्याम दुबे , भरत दुबे ,गोविंद दुबे एवम ग्रामीण क्षेत्रों से आए सभी ने कथा श्रवण की।

## शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता, जीवनभर देता है शिक्षाः बीआरसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



विकासखंड जबेरा के बनवार हायर सेकेंडरी विद्यालय में सेवानिवृत्त गुरुजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें सेवानिवृत शिक्षकों को माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। शासकीय माध्यमिक शाला परस्वाहा में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक श्री भगवती प्रसाद दुबे एवं प्राथमिक शाला परस्वाहा प्रधानाध्यापक आर सी सुमन की सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह मैं मुख्य अतिथि बीआरसी प्रवेंद्र बैध ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक की सेवा बहुत अद्वितीय होता है। कारखानों और अन्य संस्थाओं में काम करने वाले अधिकांश लोगों का संबंध निर्जीव तत्वों से होता है, लेकिन एक शिक्षक का संबंध बच्चों से होता है, जिनका मन सदैव उछलकूद करता रहता है। बच्चों के मन को काबू करके उनको शिक्षित करने का काम एक कुशल शिक्षक ही कर सकता है। सेवानिवृत्त गुरुजनों ने एक शिल्पकार की भांति बच्चों को गढ़कर देश के योग्य नागरिक बनाने का काम आजीवन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पण के साथ-साथ इसे जीवन मंत्र बनाने के लिए शिक्षकों की सराहना की जानी चाहिए। एक शिक्षक आजीवन ज्ञान की धारा से जुड़े रहते हैं। वह कार्य से निवृत हो सकता है,लेकिन शिक्षाकार्य से कभी निवृति नहीं ले सकता है। विदाई समारोह में सेवानिवृत शिक्षकों के परिजनों विद्यालय परिवार व स्थानीय गणमान्य नागरिकों ग्रामीण की उपस्थित रही। विदाई समारोह में उपस्थित सभी जनों का सेवानिवृत शिक्षकों के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षक छात्र-छात्राओं व ग्रामीण ने जो सम्मान दिया है। वह कभी भूल नहीं पाएंगे। इस अवसर पर बनवार हायर सेकेंडरी विद्यालय प्राचार्य धर्मेंद्र अहिरवार, जन शिक्षक बलराम चौबे, रघुवीर प्रसाद अहिरवार, शिक्षक प्रमोद खरे, बी एल अहिरवार, सत्यवान खरे जन शिक्षा केंद्र के समस्त विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थित रही।

## लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने जिला स्तरीय सीमांकन महाअभियान आज

### कलेक्टर ने अधिकारियों को सोपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राजस्व महाभियान पूर्ण होने उपरांत भी जिले में अभी तक की स्थिति में 1072 सीमांकन (मद अ-12) के प्रकरण लंबित है, लंबित प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण करने के लिए आज 01 मई से 15 जून 2024 तक जिला स्तरीय सीमांकन महाअभियान चलाया जायेगा। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों को दिये हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा है राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी का दल बनाकर प्रथम प्राथमिकता से सी.एम. हेल्पलाइन में लंबित प्रकरण एवं सीमांकन हेतु समस्त लंबित प्रकरण तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के पर्यवेक्षण में सीमांकन प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उक्त अभियान की समीक्षा हेतु जिले स्तर पर पर्यवेक्षण टीम का गठन कर पर्यवेक्षण एवं सहायक पर्यवेक्षण अधिकारियों को नियुक्त किया है। जिसमें अनुभाग दमोह हेतु अपर कलेक्टर मीना मसराम को पर्यवेक्षण अधिकारी एवं प्र.स.अ.भू.अ. श्यामचरण चौबे को सहायक पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार अनुभाग पथरिया हेतु प्रभारी डिप्टी कलेक्टर निकेत चौरसिया को पर्यवेक्षण अधिकारी एवं प्र.स.अ.भू.अ. प्रीतम सिंह को सहायक पर्यवेक्षण अधिकारी, अनुभाग तेंदूखेड़ा हेतु डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व को पर्यवेक्षण अधिकारी एवं प्र.स.अ.भू.अ. रामराज गुप्ता को सहायक पर्यवेक्षण अधिकारी तथा अनुभाग हटा हेतु प्रभारी डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह को पर्यवेक्षण अधिकारी एवं प्र.स.अ.भू.अ. प्यारेलाल विश्वकर्मा को सहायक पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही सीमांकन महाअभियान की दैनिक रिपोर्ट हेतु अ.भू.अ. दमोह डॉ. सुरेखा यादव, राजस्व निरीक्षक मुकेश जैन एवं जे.डी.ई.ओ. जयदीप सिंह को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा है समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत लंबित सीमांकन प्रकरणों का निराकरण राजस्व निरीक्षक/पटवारी से करवाते हुये जिला स्तरीय पर्यवेक्षण टीम से समन्वय बनाकर सीमांकन महाअभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करेंगे।

## रूक जाना नहीं योजना में रजिस्ट्रेशन 5 मई तक

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिले के जो विद्यार्थी 10 वीं और 12 वीं की परिक्षाओं में बहुत अच्छे नंबर लेकर आये है, वह विद्यार्थी मुलाकात करने आये थे, उनको हमने शुभकामनाएं दी, उनका हम ध्यान रख रहे है। लेकिन उतना ही ध्यान हम उन विद्यार्थियों का भी कर रहे है, उनकी चिंता भी कर रहे है, जिन्हें 10 वीं और 12 वीं में किसी कारणों से किसी विषय में अनुत्तीर्ण होना पड़ा है। इन विद्यार्थियों के लिये राज्य शासन की योजना है, रूक जाना नहीं। इस योजना के अंतर्गत 05 मई तक रजिस्टेशन होना है। श्री कोचर ने कहा हमने तय किया है 10 हजार से अधिक जितने भी विद्यार्थी हमारे यहां है, हम शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन का प्रयास करेंगे। जितने विद्यार्थी रजिस्टर्ड होंगे उन सभी के लिये कोचिंग सरकार की तरफ से दिलवायेंगे, उसके लिये हम बेस्ट टीचर्स के माध्यम से कोचिंग मटेरियल तैयार करा रहें है और उन्हें हम निःशुल्क कोचिंग दिलवायें और कोचिंग के बाद, उनका टेस्ट लेने की व्यवस्था की जायेगी, ताकि जब वो यह परीक्षा 20 मई को देंगे तो वे इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके ही आगे बढ़े और अगली कक्षा में खुशी-खुशी प्रवेश करें। कलेक्टर श्री कोचर ने 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुये सभी विद्यार्थियों से आग्रह करते हुये कहा है कि वे बिल्कुल भी निराश न हो, उनके लिये रुक जाना नहीं का सुनहरा अवसर है। विद्यार्थियों और उनके माता-पिता से आग्रह है ऐसे विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन तुरंत करवाईये। रजिस्टेशन 05 मई तक ओपन है, यदि रजिस्टेशन में किसी भी प्रकार की समस्या आती हो तो दमोह हेल्प लाईन नंबर पर या जिला शिक्षा अधिकारी से तत्काल संपर्क किया जाये। उन्होंने कहा हम यह चाहते है कि 10 वीं और 12 वीं के अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को, वो परीक्षा दोबारा न देनी पड़े, दोबारा साल रिपीट न करनी पड़े। वे रूक जाना नहीं योजना के माध्यम से इसी साल अगली कक्षा में प्रमोट होकर चलें जायें। उन्होंने कहा इस अभियान में हमारा सहयोग दीजिये और शत-प्रतिशत हम रजिस्ट्रेशन करायें इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ेंगे।

## उर्स के मौके पर नगर में निकली संदली चादर



**हटा।** प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी हजरत मलंग शाह बली किले वाले बाबा साहिब का 67 वां सालाना उर्स मनाया जा रहा है उर्स के मौके पर दरगाह से मुस्लिम समाज के लोगों ने मंगलवार की शाम नगर में संदली चादर नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई जो बस मंदिर मस्जिद चौराहा राय चौराहा नायक तिगड्डा से होती हुई वापिस बाबा की दरगाह पर पहुंची। संदली चादर में कौमी एकता की मिशाल पेश करते हुए बाबा साहिब के चाहने हिन्दु एवं मुस्लिम भाईयो की उपस्थिति रही। रात्रि के समय बाबा के अकीदतमंदों द्वारा बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर हाजिरी लगाई। वहीं बस स्टेंड प्रांगण में सारी रात कब्बालियों का मुकाबला होगा।

## भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्यागः संत प्रभुदास महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के पंचवटी सिद्ध धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा संत प्रभुदास जी महाराज द्वारा शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि "नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्न रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं, शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए। शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्भ से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ।

कथा व्यास जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम न तो गलत हो सकते हैं और न हीं बदले जा सकते हैं। भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्योंकि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हें मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नहीं साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाए हुए है। कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर है। कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए कथा के मुख्य यजमान महेश प्रसाद उपाध्याय श्रीमती रुकमणि उपाध्याय सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## शासकीय सेवकों का वेतन माह की प्रथम तारीख को हो जाये सुनिश्चित करें: कलेक्टर

दमोह। म.प्र. कोषालय संहिता 2020 के सहायक नियम 109 (1) अनुसार शासकीय सेवकों का वेतन आगामी माह की प्रथम तारीख को भुगतान करने के निर्देश है। यदि माह की प्रथम तारीख को शासकीय अवकाश हो तो उसके पूर्व कार्य दिवस को वेतन का भुगतान किया जाये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यालय से संबंधित समस्त शासकीय सेवकों के वेतन देयक माह की अंतिम तारीख तक कोषालय में आवश्यक रूप से प्रस्तुत किये जायें, जिससे कोषालय द्वारा संबंधितों का वेतन भुगतान आगामी माह की प्रथम तारीख को सुनिश्चित किया जा सके। निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

## गर्मी के मौसम में खान -पान और साफ- सफाई का रखें विशेष ध्यान

दमोह। इन दिनों आमजन की शादी -विवाह, मांगलिक कार्यों में आवाजाही ज्यादा बनी हुई है। ऐसे में गंदगी, गलत खानपान से कई लोग असमय ही बीमार हो जाते हैं। ऐसे में अपने आपको स्वस्थ बनाए रखने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि तेज गर्मी के मौसम में खान-पान और साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। गर्मी से बचाव के लिए धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें। कूलर, एसी से ठण्डक भरे कमरे से एकदम से बाहर निकलकर धूप में न जाये। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से निकलने से बचें। यदि अस्वस्थ महसूस करें तो तुरंत पानी का सेवन करें। किसी छायादार एवं ठण्डी जगह पर आराम करें। सीएमएचओ डॉ. जेम्स बेक ने बताया कि लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें। गर्मी से बचाव के लिए ढीले-ढाले, सूती कपडे.पहनें। अधिक डार्क रंग के एवं टाइट कपडे.न पहनें। इससे पसीना ज्यादा आता है, गर्मी अधिक लगती है। खान-पान में स्वच्छता का ध्यान रखें। बाहर का तला-भुना और खुले में रखी कोई भी खाद्य- सामग्री खाने से बचें। तेल और मसालेदार भोजन से परहेज करें। एक बार में अधिक खाने से बचें। जितना जयादा हो सके तरल पदार्थों यथा नींबू पानी, गन्ने का रस, छाछ पियें जो कि बर्फीला न हो। मौसमी फल खरबूज, तरबूज, आम का पना, ककड़ी का सेवन करें। फूड प्वाइजनिंग से बचाव के लिए बाहर ठेलों में मिलने वाली सामग्री के सेवन से परहेज करें। ऐसा इसलिए क्योंकि देर तक रखा भोजन जल्दी खराब हो जाता है। ताजा, सुपाच्य भोजन करें।

### बटियागढ़ पुलिस ने दो दिन में किया अंधे हत्याकांड का खुलासा

# अवैध संबंध को लेकर सिर धड़ से अलग कर की गई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ थाना पुलिस को अंधे हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अंधे हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली केरबना चौकी के ग्राम गूगरा कलां में दो दिन पहले पुलिस को मुखबिर की सूचना पर खेत मे गड़ी युवक की सिर कटी लाश सड़ी गली अवस्था मे मिली थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त गुमशुदा युवक देव सिंह लोधी पिता गुलाब सिंह लोधी उम्र 30 साल निवासी ग्राम गूगरा कलां के रूप में की थी। दिनांक 26.03.2024 को फरियादी सूरत सिंह पिता श्री गुलाब सिंह लोधी उम्र 50 साल निवासी ग्राम गूगरा कलां थाना बटियागढ़ द्वारा अपने भाई देवसिंह लोधी पिता गुलाब सिंह लोधी उम्र 30 साल निवासी ग्राम गूगरा कलां थाना बटियागढ़ के दिनांक 23.03.2024 को घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोट दर्ज कराई थी। जो




प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान क्र. 10/2024 कायम कर जांच तलाश की गई। इस दौरान दिनांक 28.04.2024 को ग्राम गूगरा कलां में महेन्द्र गौड़ के वाडे.में मृतक देव सिंह लोधी पिता गुलाब सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गूगरा कलां थाना बटियागढ़ की बिना सिर की लाश जमीन में गढ़ी हुई, मिलने पर मर्ग क्र. 2172024 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच की प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में एसडीओपी पथरिया के द्वारा आरोपी की शीघ्र तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया था। जो वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के पालन में प्रकरण की जांच पर पाया गया कि दिनांक 23.03.2024 को आरोपी महेन्द्र गौड़ निवासी गूगरा कलां द्वारा देव सींग लोधी की पत्थर से मार कर हत्या कर उसका गला चाकू से काटकर सिर को जंगल में छिपा देना। एवं धड़ को अपने बाड़े में गड्डा खोदकर दफना देना पाया। जो आरोपी महेन्द्र पिता गुलजार सींग गौड़ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गूगरा कला थाना बटियागढ़ जिला दमोह के द्वारा किया गया कृत्य अपराध धारा 302, 201 ता.हि. के तहत दण्डनीय होने से अप. क्र. 204/2024 धारा 302,201 ता.हि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय पेश किया हैं। वही मामले का खुलासा करते हुए एसडीओपी रघु केसरी ने बताया की आरोपी महेंद्र सिंह गौंड ने देव सिंह लोधी की गला काटकर हत्या कर दी थी आरोपी महेंद्र गौंड को शक था कि उसकी पत्नी से देव सिंह के अवैध संबंध है जिसको लेकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया है। उत्कृष्ट कार्य, उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे इंचार्ज थाना प्रभारी बटियागढ़, सहा. उपनिरी पवन तिवारी, सहा उपनिरीक्षक बालमुकुंद सिंह, प्र.आर. रिषभ जैन, प्र.आर.नीरज रावत, प्र.आर. भूपेंद्र पटेल, आर. संदीप विश्वकर्मा, आर. अक्षय मिश्रा, आर.पवन तिवारी, आर.संकेत तिवारी, आर.राहुल राजपूत, आर.पंकज यादव, आर.रवि कुमार, आर.हरि सिंह एवं आर.अरुण कुमार की अहम भूमिका रही।

# बसों के लिये प्रशासन ने बनाया नया रूट चार्ट, कल से होगा लागू

**खास बातें**

- हटा पन्ना जाने वाली बसे तीन गुल्ली होते हुये नये ओवरब्रिज से जायेंगी इससे राय चौराहा व पलंदी चौराहा पर दबाव कम होगा
- सागर जाने वाली बसें केंद्रीय विद्यालय से बायपास होती हुई जायेगी




**बसों के लिये जबलपुर-तेंदूखेड़ा रूट**
बस स्टैंड-किल्लाई नाका-कलेक्ट्रेट- मारूताल
**कटनी/हिंडोरिया रूट**
बस स्टैंड-किल्लाई नाका - कलेक्ट्रेट - बेलाताल - धर्मपुरा
**सागर रूट**
बस स्टैंड- किल्लाई नाका - केंद्रीय विद्यालय से जबलपुर सागर बायपास पर कृष्णा हाइट्स से पावर ग्रिड।
**पन्ना/ छतरपुर/हटा रूट**
बस स्टैंड - किल्लाई नाका - तीन गुल्ली - सरदार वल्लभभाई पटेल ब्रिज - इमलाई तिराहा (संस्कार धर्मकांटा)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर में अव्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करने प्रशासन ने बसों के रूट में परिवर्त करने का निर्णय लिया है।नगर में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और मुख्य मार्गों पर यातायात के अत्यधिक दबाव के परिणाम स्वरुप लोक स्वास्थ्य और लोकहित के विपरीत रूप से प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए बसों के आवागमन का एक रूट चार्ट तैयार कर दिनांक 27/3 /2024 को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं बस ऑपरेटर द्वारा रूट चार्ट पर पूर्ण सहमति व्यक्त की गई। फल स्वरुप 10 अप्रैल 2024 से नए रूट चार्ट का क्रियान्वन प्रायोगिक तौर पर किए जाने के निर्देश दिए गए। परंतु लोक सभा चुनाव 2024 के कारण क्रियान्वयन नहीं किया जा सका। कल 02 मई 2024 से बसों हेतु निर्धारित नया रूट चार्ट का प्रायोगिक तौर पर क्रियान्वन किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि नये रूट चार्ट में दिये गये निर्देशों से हटा पन्ना छतरपुर जाने वाली बसें अब सागर नाका होते हुये नये ओवरब्रिज से जायेगी जिससे राय चौराहा व पलंदी चौराहा मार्ग पर दबाव कम होगा।

उपरोक्त रूट चार्ट अनुसार बस स्टैंड में आने/ जाने वाली सभी बसें निर्धारित रूट चार्ट का पालन करते हुए बस स्टैंड के अलावा किसी भी तिराहे /चौराहे पर बस सवारी न हीं उतारेंगे और ना ही बैठाएंगे। यात्रियों से भी बस स्टैंड से अपनी बसों पर बैठने की बात कही है।

### वन विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ अवैध उत्खनन का दर्ज किया प्रकरण

# जंगल के पत्थरों, मुरम का उपयोग कर ठेकेदार ने बनाया करोड़ों का तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जनपद के ग्राम पारना में सिंचाई विभाग के द्वारा करीब 28 करोड़ 16 लाख लागत से तालाब निर्माण किया जा रहा है जिसमें जंगल के पत्थरों और मुरम का 75% तालाब निर्माण में इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। जिसकी सूचना पर डीएफओ ने वनविभाग की टीम मौके पर पहुंची और एसडीओ तेंदूखेड़ा एवं तेजगढ़ जबेरा रेंजर सहित बड़ी संख्या में फारेस्ट अमले ने 23 अप्रैल की दोपहर 11:00 बजे से देर रात्रि जांच की गई । अवैध उत्खनन को लेकर एसडीओ रेखा पटेल तेंदूखेड़ा ने जांच प्रतिवेदन डीएफओ कार्यालय को भेजा गया है जिसमे ठेकेदार के खिलाफ जंगल में पत्थरों एवं मुरम का अवैध उत्खन्न को लेकर प्रकरण दर्ज किया गया। लेकिन जंगल के पत्थरों से तालाब की 75% पिचिंग बनाई गई और मुरम का अवैध उखन्न करते जंगल की पहाड़ियों को खोदा गया है लेकिन एसडीओ तेंदूखेड़ा रेखा पटेल द्वारा



कितनी ट्रॉली पत्थर एवं कितनी ट्रॉली मुरम की जप्ती बनाई गई। इसकी जानकारी देने से बचने के लिए फोन रिसीव तक नहीं किया जा रहा है जिससे तालाब निर्माण में बड़ी तादात में किए गए। अवैध उत्खन्न की कार्यवाही को लेकर अनेकों सवाल उठ रहे और और फारेस्ट एसडीओ की कार्यवाही महज दिखवा प्रतीत हो रही है । क्योंकि तालाब की पिचिंग 75% जंगल का कच्चा पत्थर ठेकेदार द्वारा इस्तेमाल किया गया है । वही मुरम निकासी की बड़ी बड़ी खदाने जंगल में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं । ऐसे में सवाल उठता है फॉरेस्ट एसडीओ के नेतृत्व में की गई कार्यवाही मैं तालाब निर्माण के ठेकेदार के खिलाफ अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर लिया गया लेकिन कितनी मात्रा में अवैध उत्खनन किया गया है और कितनी राशि का जुर्माना किया गया है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। डीएफओ महेंद्र सिंह उईके ने बताया पारना तालाब निर्माण में जंगल की मुरम एवं पत्थरों का इस्तेमाल ठेकेदार के द्वारा किया गया है जिनके खिलाफ अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## बसों के मार्ग का डायवर्ट प्लान के लागू होने से शहरी यातायात में लोगों को राहत मिलेगी: कलेक्टर

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा दमोह शहर के यातायात का विषय बहुत महत्वपूर्ण है, इस संबंध में कुछ दिनों पहले बैठक भी की थी। शहर के मुख्य मार्गो पर यातायात की व्यवस्था में जो दिक्कतें है वह यहां पर लोगों के लिये बड़ी पीड़ा का कारण है। इन दिक्कतों को दूर करने के लिये हमने काम करना शुरू किया है। हमने ऐसे दो-तीन मार्गो, जहां पर लोग बिल्कुल डिवाईडर पर ही कारें खड़ी करते है, वहां पर बेरिकेटिंग करने का काम किया है, ताकि इस तरह से कारें सड़क के बीच में खड़ी न हो। अगले चरण में हम 02 मई से बसों का मार्ग डायवर्ट करने के लिये जा रहें है, इसका एक पूरा रूट चार्ट सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है। इसको हम प्रायोगिक तौर पर 30 जून तक लागू करेंगे। इसके परिणामों की समीक्षा के बाद इस पर एक परमानेंट निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा मुझे पूरा विश्वास है कि इस प्लान के लागू होने से शहरी यातायात में लोगों को राहत मिलेगी। श्री कोचर ने कहा खुशी है कि यहां की ट्रोसपोर्ट एशोसियेशन ने भी प्रशासन का साथ दिया है और उन्होंने इसमें सहयोग करने की अपील की है। मेरा आप सभी से आग्रह है कि इस अभियान में भी हमारा सहयोग करें। उन्होंने बताया इसके बाद हम अगला कदम जल्दी ही उठाने वाले है, वह है शहरी क्षेत्रों में आम रास्तों पर जो अतिक्रमण है, मार्केट में जो अतिक्रमण है, अस्थाई अतिक्रमण खास तौर से, इस पर कार्य तुरंत प्रारंभ हो रहा है, थोड़े ही दिनों में हम नगरपालिका के माध्यम से मुनादी कराई जायेगी, कि जो लोग भी अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर रहे है, उसको हटा लें, अन्यथा वह सामान हमें जप्त करना पड़ेगा। उन्होंनें सभी से आग्रह करते हुए कहा है कि अतिक्रमण को लेकर, शहर में यातायात की अव्यवस्था को लेकरके, जनता के मन में बहुत गुस्सा है, पीड़ा है, तो मैं आप सभी से जो व्यवसायी है, उन सभी से और जो अन्य लोग है, जो कि गाड़ियों को कहीं भी पार्क कर देते है, या फिर जिन कारणों से भी हमें असुविधा होती है या फिर आप अपनी दुकान से काफी बाहर तक सामान लेकर आते है, आप सभी से मेरा आग्रह है कि इस मुहिम में सहयोग दें और किसी भी प्रकार की अवांछित कार्यवाही से बचें, हम मुनादी करा करके सबसे पहले चेतावनी देने वाले है।

# सीमांकन महाअभियान आज से 15 जून तक

**सीमांकन से सबंधी जितने भी आवेदन लंबित हैं उनका निपटारा किया जायेगा -कलेक्टर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें कट चुकी हैं, खेत खाली हो गये हैं, अब सीमांकन का महाअभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया राजस्व भूमि से सबंधी कार्यालय के जितने भी प्रकरण हैं, जिनमें सीमांकन की कार्यवाही पूरी की जायेगी। सीमांकन से सबंधी जितने भी आवेदन लंबित हैं उनका निपटारा किया जायेगा। उन्होंने बताया दमोह हेल्पलाइन और सीएम हेल्पलाईन पर जिन्होंने भी आवेदन दिये हुए हैं, उनका निराकरण इस अवधि में किया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने आमजन से आग्रह करते हुए कहा यदि आपके यहां पर कोई सीमांकन का प्रकरण लंबित हैं और आपको लग रहा हैं उसका निपटारा होने में कोई दिक्कत आ रही हैं तो उसे मेरे सोशल मीडिया हेंडल, दमोह हेल्पलाईन नबंर पर भी दिया जा सकता हैं ताकि सीमांकन की कार्यवाही हो सके। उन्होंने बताया सीमांकन का यह महाअभियान 01 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक चलाया जायेगा। उन्होंने आमजन से अनुरोध करते हुए कहा जहां-जहां सीमांकन के लंबित प्रकरण हैं आप अपना आवेदन प्रस्तुत या भेज सकते हैं तत्काल टीम भेजकर सीमांकन की कार्यवाही की जायेगी।

# खाना बनाते समय लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम छेवला गंगाराम मैं सोमवार की रात्रि खाना बनाते समय अचानक घर में आग लग गई जिससे वहां बंधे एक बछड़े सहित लाखों रुपए की गृहस्ती का सामान जलकर खाक हो गया पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत हटा पुलिस थाना की गई। जानकारी के अनुसार मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोरी कला के अंतर्गत आने वाले ग्राम छेवला



गंगाराम में इमरत पिता जनकू रैकवार के यहां सोमवार की रात्रि महिला द्वारा खाना बनाया जा रहा था इसी दौरान अचानक चूल्हे से चिंगारी निकलते ही आग भड़क गई जिसे देखकर परिवार के लोग घबरा गए और आग बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन आग ने कुछ ही मिनटों में इतना विकराल रूप ले लिया कि घर में रखा 3 क्विंटल गेहूं 1 क्विंटल चना सहित लाखों रुपए का गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया वही घर में बंधा एक बछड़ा भी आग की चपेट में आने से मौत के मुंह में समा गया। आगजनी की घटना की रिपोर्ट इमरत रैकवार द्वारा हटा पुलिस थाना में की गई जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

## प्रधानाध्यापक शाला हिनौती तत्काल प्रभाव से निलंबित

दमोह । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मतदान केंद्र क्रमांक 75 शासकीय माध्यमिक शाला नाव घाट तहसील हटा में मतदान के दौरान नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं प्रधानाध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला हिनौती सर्रा तहसील तेंदूखेड़ा कोदू सिंह ठाकुर को लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञात हो सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन 2024 विधानसभा क्षेत्र 57- हटा के प्रतिवेदन आधार पर सोशल ग्रुप ₹अभिव्यक्ति की आजादी₹ पर पोस्ट शेयर कर मतदान दिवस मतदान केन्द्र के अंदर मतदाता द्वारा मतदान के समय ईव्हीएम मशीन में अभ्यर्थी द्वारा वोट देते हुये मतदाता का हाथ प्रदर्शित होने की घटना संज्ञान में आने के आरोप में उक्त कार्रवाई की गई है। निलंबन की अवधि में श्री सिंह का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह निर्धारित किया गया है एवं निलंबन अवधि में इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# गुरु तो मन में विराजमान है और सदा रहेंगे: मुनि श्री विराटसागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंडलपुर

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में मुनि श्री विराट सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा संपूर्ण प्रकृति का अगर कोई मूल तत्व कोई है जिससे संपूर्ण प्रकृति संचालित होती तो वह तत्व प्रेम है वात्सल्य है। सब कुछ है मानव श्रृंखला के पास मानव मानव से कभी अटैच हो पाएगा उसका मन लग ही नहीं पाएगा यदि उसके अंदर प्रेम नहीं है ।धर्म का संचालन अनुशासन से होता है प्रेम नहीं तो क्या आप चार कदम धर्म की राह पर चल पाएंगे असंभव सा प्रतीत होता है ।कली काल है सब जानते हैं जिस राह पर आगे बढ़ रहे हैं मंजिल दिखाई तो देती है पर वहां पहुंच नहीं पाएंगे रास्ता अवरूद्ध है फिर भी उस पर चले जा रहे हैं हमें आत्मा से लगाव ,प्रेम है संपूर्ण व्यवस्थाएं सही रूप से चलना है एक दूसरे के प्रति गहरा वात्सल ,प्रेम ,स्नेह होना जरूरी है। एक गुरु की संतान है सभी मुट्ठी बांधकर एक प्रेम की तरह कुटुंब की तरह रहे तो हमारा विश्वास है




जिस तरह गुरु जी के शासनकाल में संघ ने महती प्रभावना की थी उससे कहीं ज्यादा यह संघ आज प्रभावना कर सकता है।उसकी नींव उसका मूल मंत्र है आपसी प्रेम ।शास्त्र तो ज्यादा मैंने नहीं पड़े ,गुरु की आज्ञा आगम की आज्ञा शिरोधार्य है ।सबको सुनने के बाद सबकी सुनने के बाद यदि कोई लू लपट करता है तो वह क्या आज्ञा समंत पालन करता है। गुरु तो मन में विराजमान है और सदा रहेंगे अंतिम सांस तक ।क्या सोच रहे सोचने का तो प्रश्न ही नहीं होना चाहिए जो कह दिया स्वीकार है जब तक प्रेम बंधन नहीं जागेगा तब तक अनुशासन एक कदम आगे नहीं बढ़ सकता। सबकी ड्यूटी बनती है हर पिच्छी धारी की जो संघ का अनुशासन गुरु महाराज के समय से चला आ रहा है अंतिम सांस तक वह अनुशासन चला रहे ।एक माला गुरु महाराज ने सबके सामने एक माला का निर्माण किया था वह माला एक सूत्र में चलती है सारे मोती साथ में है। सबका कर्तव्य है जिस दिन गुरु चरणों में पहली बार आए थे और अपना संपूर्ण समर्पण उनके चरणों में प्रेषित कर दिया था आज से मेरा जीवन आपका है आप जैसा चलाएंगे चलते चले जाएंगे । गुरु ने उपकार किया जिसने जो मांगा उसको वह दिया जो जो भव्य जीव चरणों में आया और गुहार लगाई वैसा ही बनाने का प्रयास किया। आज हमारे बीच में उनकी प्रतिछाया विराजमान है उनकी हर आज्ञा हर पिच्छी धारी को शिरोधार्य करना चाहिए ।किंतु परंतु के लिए कोई स्थान नहीं है आचार्य महाराज सामने विराजमान है।

# नजरअंदाज करने की कला एवं क्षमा की सामार्थ्य विकसित करनी चाहिये : मुनि श्री प्रमाण सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं अभिनव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुणायतन तीर्थ प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने पटेरा में शंका समाधान कार्यक्रम में लोगो की समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान प्रश्न रखा गया कि लिव इन द मूमेंट को कैसे आत्मसात किया जाये? जिसका उत्तर देते हुये मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने कहा कि इसके चार उपाय है। पहला वर्तमान में जीने के लिये वस्तु के स्वरूप का स्मरण करना चाहिये, जो हम सोचते है, वह नहीं होता,जो हो रहा उसे हम चाहे वह हमारे हाथ में है यह सूत्र अपना लो। जो वस्तु स्वरूप का विचार करता है वह वर्तमान मे जीने का आदि बन जाता है। व्यक्ति को संतोष को अपने जीवन का हिस्सा



मुनि श्री प्रमाण सागर जी

बनाना चाहिये। बुरी स्मृतियों का त्याग करने का अभ्यान करना चाहिये, नजरअंदाज करने की कला एवं क्षमा की सामार्थ्य विकसित करनी चाहिये। अतीत की कोई भी स्मृति हम पर हावी नही होगी। भविष्य की कल्पनाओं से बचना चाहिये। तनाव एवं चिंता से बचने के लिये एक बात याद रखो जो होता है सहीं होता है, जो होना होता है वही होता है इससे सकरात्मकता बनी रहेगी व तनाव व चिंता कम होगी।

**परिस्थिति व अनुकूलता के अनुसार धर्म करना सही है ?**

मुनि श्री ने इस प्रश्न पर कहा कि हर परिस्थिति में धर्म में टिके रहना व्यक्ति के जीवन का रूटीन बनना चाहिये। यदि हम अनुकूलता देखकर धर्म करते है तो यह कच्चापन है, लेकिन प्रतिकूलताओ में भी अपने धर्म का स्थिर बनाये रहें यह सच्चा धर्म है।

**जो धर्म करता है उसे ही परेशानियां क्यों आती है**

मुनि श्री ने इस प्रश्न पर कहा कि परीक्षा उसी को देनी होगी जो स्कूल जायेगा, जो पढ़ेगा। कसौटी पर सोने को कसा जाता है, पीतल को नहीं। परीक्षा सतियों की होती है, वैश्याओं की नहीं। उपसर्ग साधुओं पर आते है, डाकुओं पर नहीं। इसलियें परेशानियों उसी को आती है जो धर्मी होता है, अधर्मी को नहीं।

**पत्रकारिता कैसी होनी चाहिये ?**

मुनि श्री ने इस प्रश्न पर कहा कि पत्रकार को सदैव सकरात्मकता को बढ़ाना चाहिये, नकरात्मकता को कम करने का प्रयास करना चाहिये। सत्य का प्रसार करें, चेतना को जगाने का कार्य करें। आचार्य श्री कहते थे शराब की निंदा की जगह दूध का प्रचार करें तो निश्चित ही हम समाज सुधार कर पायेंगे।

**अपने अनर्थ पर तो हम रोते नहीं, पर स्वार्थ पर रोते है ?**

मुनि श्री कहा कि प्रतिदिन एकांत में बैठे, भगवान गुरू को साक्षी माने, विचारों को रीकॉल करें, ध्यान करें कि कहां गलत बोला, अपनी निंदा करें एवं पुनरावृत्ति न करने का प्रयास करें तो हम अपनी दुष्पृवत्तियों से बच सकते है। मन का रोना रोने ही जगह मन को सदा प्रसन्न बनाये रखने की कला सीखनी चाहिये।

## सब्जी व्यापारी को कार ने मारी टक्कर

तेंदूखेड़ा। मंगलवार की शाम साढ़े आठ बजे तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार अल्टो कार ने सब्जी बेचने वाले व्यापारी को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में सब्जी व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए तेजगढ़ प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत होने के चलते दमोह रेफर किया गया है। घटनास्थल से मिली जानकारी अनुसार मनोज पिता गोविंदा कोष्टी उम्र 47 निवासी तेजगढ़ को मंगलवार की शाम साढ़े आठ बजे दमोह कुंडलपुर से जबलपुर जा रही अल्टो कार क्रमांक एमपी 20सी सी8395 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सब्जी व्यापारी का एक पैर फैक्टर हो गया है। जिसे तेजगढ़ से दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं टक्कर मारने वाली कार को पुलिस ने ज़ब्त करते हुए मामला दर्ज जांच में लिया ।हादसे का मुख्य कारण सड़क पर मवेशी को बचाने के चक्कर में कार चालक द्वारा सब्जी व्यापारी को टक्कर मार दी वहीं कार का कुछ हिस्सा भी छतिग्रस्त हो गया है। तेजगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है घटना तेजगढ़ बस स्टैंड के समीप हीरों एजेंसी के पास की बताई जा रही है।